**Escorts Kubota Limited**

June 22, 2023

**BSE Limited**
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street, Mumbai – 400001

**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex,
Bandra East, Mumbai – 400051

**BSE – 500495**

**NSE – ESCORTS**

**Sub: Newspaper Publication titled "Notice of 77th Annual General Meeting and E-voting Information"**

Dear Sir/ Ma'am,

Pursuant to the applicable provisions of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we wish to inform you that Company had published the enclosed notices dated June 21, 2023, intimating the dispatch of Notice of the AGM and Integrated Annual Report of 77th Annual General Meeting of the Company, and other related information, in the newspapers i.e. Financial Express (English) and Jansatta (Hindi) dated June 22, 2023.

The above is for your kind information and records.

Thanking You,
Yours faithfully,
For **Escorts Kubota Limited**

SATYENDRA CHAUHAN
Digitally signed by SATYENDRA CHAUHAN
Date: 2023.06.22 18:42:14 +05'30'

**Satyendra Chauhan**
**Company Secretary**

Encl: As above

## खबर कोना



यूएसए के मिन्नेसोटा में बोस्टन रेड सोक्स आउटफिल्डर मसाटाका योशिदा (7) टारगेट मैदान में गेंद को हिट करते हुए।

### कुवैत ने पहले मैच में नेपाल को हराया

बंगलुरु, 21 जून (भाषा)।

कुवैत ने सैफ फुटबाल चैंपियनशिप के पहले मैच में बुधवार को नेपाल को 3-1 से हराया। पहली बार सैफ चैंपियनशिप में भाग ले रहे कुवैत ने शुरुआती मिनट से ही दबदबा बनाए रखा। दूसरी ओर नेपाल की टीम जवाबी हमले करने में नाकाम रही। कुवैत को 23वें मिनट में पहला मौका मिला जिस पर उन्होंने बढत बना ली। खालिद हाजिया ने यह गोल दागा। वहीं, शाबाइब अलखाल्दी ने 42वें मिनट में दूसरा गोल किया। नेपाल ने बीच में कुछ हमले बोले लेकिन गोल करने में कामयाबी नहीं मिली।

### डायमंड लीग के लुसाने चरण में खेलेंगे नीरज चोपड़ा

नई दिल्ली, 21 जून (भाषा)।

ओलंपिक चैंपियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा मांसपेशी के खिंचाव से उबरने के बाद 30 जून को डायमंड लीग के लुसाने चरण में भाग लेंगे। आयोजकों ने इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सूची जारी की है, जिसमें चोपड़ा का भी नाम है। उनके अलावा भारत के जेस्विन एल्ड्रिन और श्रीशंकर लंबी कूद में भाग लेंगे। टूर्नामेंट की आधिकारिक वेबसाइट पर लिखा है, 'भालाफेंक में भारत के ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा को चेक गणराज्य के याकूब वालेच और जर्मनी के जूलियन वेबर चुनौती देंगे।'

### वीनस विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने को तैयार

इंग्लैंड, 21 जून (एपी)।

वीनस विलिसम्स विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग में 24वीं बार हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं। अमेरिका की इस 43 वर्षीय खिलाड़ी को बुधवार को वाइल्ड कार्ड से इस प्रतिष्ठित ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में प्रवेश दिया गया। वीनस विंबलडन में पांच बार की एकल चैंपियन हैं। दुनिया की 697वें नंबर की खिलाड़ी वीनस ने सोमवार को बर्मिंघम क्लासिक में 48वें नंबर की कैमिला जियार्जी को 7-6 (5), 4-6, 7-6 (6) से हराया था।

# छेत्री की हैट्रिक से भारत ने पाक को 4-0 से हराया

बंगलुरु, 21 जून (भाषा)।

सुनील छेत्री की हैट्रिक की मदद से भारत ने सैफ फुटबाल चैंपियनशिप में बुधवार को अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 4-0 से हराया। इसके साथ ही छेत्री अंतरराष्ट्रीय फुटबाल में सर्वाधिक गोल करने वाले दूसरे एशियाई खिलाड़ी बन गए।

ईरान के अल देइ के 149 मैचों में 109 गोल हैं, जबकि छेत्री के अब 90 गोल हो गए हैं। भारत ने मैच के शुरुआत से ही अपना फार्म और अनुभव दिखाना शुरू कर दिया था। वर्षा से प्रभावित मैच में पाकिस्तानी टीम भारत के सामने कहीं ठहर ही नहीं रही थी। छेत्री ने रविवार को भुवनेश्वर में लेबनान के खिलाफ इंटर कांटिनेंटल कप फाइनल में शानदार प्रदर्शन के बाद अपने घरेलू मैदान पर भी बेहतरीन खेल दिखाया।

भारत ने दसवें मिनट में छेत्री के फील्ड गोल के दम पर बढ़त बनाई। छह मिनट बाद छेत्री ने पेनल्टी पर गोल करके बढ़त दुगुनी कर दी। पहले हाफ में भारत के और भी गोल होते लेकिन पाकिस्तानी डिफेंस मुस्तैद हो गया था और भारत ने भी कुछ मौके गंवाए।

भारत ने पहले हाफ में बढ़त जरूर बनाई लेकिन पाकिस्तानी खिलाड़ी को थ्रो इन से रोकने के गैर जरूरी प्रयास में कोच इगोर स्टिमक को लालकार्ड दिखाया गया और उन्हें डगआउट छोड़कर जाना पड़ा। इसके बावजूद भारत ने दूसरे हाफ में लय नहीं खोई। भारत ने 74वें मिनट में तीसरा गोल किया और इस बार भी गोल करने वाले भारतीय कप्तान छेत्री ही थे। उदांता सिंह ने 81वें मिनट में एक और गोल करके पाकिस्तान की सारी उम्मीदें तोड़ दी।

## सैफ फुटबाल चैंपियनशिप



छेत्री ने कहा, 'इस शुरुआत से खुश हूं। इस तरह के हालात में मैच आसान नहीं होते। मुझे खुशी है कि दर्शक मैच देखने आए।' श्री कांतीर्वा स्टेडियम पर मैच देखने के लिए 22,860 दर्शक जमा थे, जो बारिश के बीच भी टीम की हौसलाअफजाई करते रहे। भारत का सामना अब शनिवार को नेपाल से होगा।

### भारतीय कोच इगोर स्टिमक को मिला रेड कार्ड

भारत के कोच इगोर स्टिमक की एक गलती ने तनाव बढ़ा दिया। बेहद अनुभवी कोच स्टिमक ने उस समय दखल दिया, जब पाकिस्तान के अब्दुल्ला इकबाल थ्रो इन की तैयारी में थे। स्टिमक ने खिलाड़ी से गेंद रोकने की कोशिश की जिसकी पाकिस्तानी खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ ने निंदा की। रैफरी प्रज्वल छेत्री और अन्य मैच अधिकारियों को दोनों पक्षों को अलग करने के लिए दखल देना पड़ा। इसके बाद स्टिमक को लाल कार्ड दिखाया गया क्योंकि फुटबाल के नियमों के तहत विरोधी खिलाड़ी की कार्रवाई में जान बूझकर बाधा पहुंचाने पर यही सजा है।

छेत्री ने मैच के बाद कहा, 'इस शुरुआत से खुश हूं। इस तरह के हालात में मैच आसान नहीं होते। मुझे खुशी है कि दर्शक मैच देखने आए।' श्री कांतीर्वा स्टेडियम पर मैच देखने के लिए 22,860 दर्शक जमा थे, जो बारिश के बीच भी टीम की हौसलाअफजाई करते रहे। भारत का सामना अब शनिवार को नेपाल से होगा। 38 वर्ष के छेत्री ने सीनियर टीम के लिए पदार्पण करने के बाद पहला गोल पाकिस्तान के खिलाफ 12 जून 2005 को दागा था।



**मुकाबला**

बंगलुरु के श्री कांतीर्वा स्टेडियम में सैफ चैंपियनशिप में मैच के दौरान बुधवार को भारत और पाकिस्तानी खिलाड़ी गेंद पर नियंत्रण के लिए जूझते हुए।

# प्रणय-कश्यप ताइपे ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में

ताइपे, 21 जून (भाषा)।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों एचएस प्रणय और पारूपल्ली कश्यप ने बुधवार को यहां अपने अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ सीधे गेम में जीत के साथ ताइपे ओपन के पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को स्थानीय खिलाड़ी लिन यू सिएन को बीडब्लूएफ विश्व टूर सुपर 300 टूर्नामेंट के पहले दौर में सिर्फ 26 मिनट में 21-11, 21-10 से हराने के दौरान अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी। पिछले महीने मलेशिया मास्टर्स सुपर 300 का खिताब जीतने वाले तीसरे वरीय प्रणय अगले दौर में चेन ची टिंग और टामी सुगियार्तो के बीच पहले दौर के मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता कश्यप ने भी जर्मनी के सैमुअल सियाओ के खिलाफ सीधे गेम में 21-15, 21-16 की आसान जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई। वह प्री क्वार्टर फाइनल में स्थानीय खिलाड़ी सू ली यैंग से भिड़ेंगे। राष्ट्रीय चैंपियन मिथुन मंजूनाथ को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद दूसरे वरीय स्थानीय खिलाड़ी चाउ टिएन चेन के खिलाफ एक घंटे और 11 मिनट चले मुकाबले में 18-21, 21-14, 16-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। महिला एकल में तानिया हेमंत जीत दर्ज करने वाली एकमात्र भारतीय रही। उन्होंने हंगरी की एग्नेस कोरोसी को सीधे गेम में 21-7, 21-17 से हराया।

## पुरुष एकल

प्रणय को टूर्नामेंट के पहले दौर में सिएन को सिर्फ 26 मिनट में 21-11, 21-10 से हराने के दौरान अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी।



# अब 11 जुलाई को होंगे डब्लूएफआइ के चुनाव

नई दिल्ली, 21 जून (भाषा)।

आइओए की तदर्थ समिति ने चुनाव में मताधिकार की मांग कर रही पांच अमान्य प्रदेश इकाइयों की दलीलें सुनने के बाद भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव 11 जुलाई को कराने का फैसला किया है। पहले यह चुनाव छह जुलाई को होने थे।

उच्च न्यायालय के सेवानिवृत जज एम एम कुमार की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय समिति से पांच प्रदेश इकाइयों महाराष्ट्र, हरियाणा, तेलंगाना, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश ने संपर्क किया था। इन पांचों को डब्लूएफआइ से मान्यता नहीं मिली है। समिति ने इन्हें सुनवाई के लिए आज बुलाया था।

एक सूत्र ने कहा, 'प्रदेश इकाइयों ने अपना पक्ष रखा। भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रतिनिधियों ने उनकी मान्यता रद्द करने के अपने फैसले को सही ठहराया। समिति को फैसला लेने के लिए समय चाहिए लिहाजा चुनाव अब 11 जुलाई को होंगे।'

सूत्र ने कहा, 'दोनों पक्षों ने एक दूसरे के सामने अपना पक्ष रखा । निवर्तमान महासचिव वी एन प्रसूद ने समिति के सामने सभी संबंधित दस्तावेज रखे।' हरियाणा की अमान्य इकाई का प्रतिनिधित्व आर के हुड्डा ने किया, जिनके साथ वकील भी थे।

# पाकिस्तान में ही होना चाहिए एशिया कप : अशरफ

इस्लामाबाद/नई दिल्ली, 21 जून (भाषा)।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के संभावित अध्यक्ष जका अशरफ ने पाकिस्तान और श्रीलंका में सितंबर को होने वाले आगामी एशिया कप के लिए नजम सेठी के 'हाइब्रिड माडल' को ठुकरा दिया है।

अशरफ ने इस्लामाबाद में बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मैं पहले भी एशिया कप के हाइब्रिड माडल को खारिज कर चुका हूं क्योंकि मैं इससे सहमत नहीं हूं। एशियाई क्रिकेट परिषद के बोर्ड ने फैसला किया था कि यह टूर्नामेंट पाकिस्तान में होगा तो यहीं होना चाहिए।' पाकिस्तान के सहमति जताने के बाद पीछे हटने से बीसीसीआइ भी कड़ा रूख अपना सकता है। एसीसी के कार्यकारी बोर्ड ने हाइब्रिड माडल को मंजूरी दी है।

## हाइब्रिड माडल

पाक के सहमति जताने के बाद पीछे हटने से बीसीसीआइ भी कड़ा रूख अपना सकता है। एसीसी के कार्यकारी बोर्ड ने 'हाइब्रिड माडल' को मंजूरी दी थी।

## योग दिवस

### योग हमारी साप्ताहिक दिनचर्या का हिस्सा है : नवनीत कौर

# 'योग हमें तनाव से निपटने में मदद करता है'

बंगलुरु, 21 जून (भाषा)।

पुरुष हाकी टीम के उप कप्तान हार्दिक सिंह ने कहा है कि योग भारतीय हाकी टीमों की दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन गया है और इस प्राचीन पद्धति से खिलाड़ियों को तनाव कम करने और अपने दिमाग तथा शरीर को फिट रखने में मदद मिल रही है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय पुरुष और महिला हाकी खिलाड़ियों ने योग को अपनी अभ्यास प्रणाली का हिस्सा बनाया है।

हार्दिक ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर कहा, 'सबसे पहले जब हमें योग कराया गया तो हमें लगा कि यह बहुत धीमा है और सभी आसन को ठीक से करना आसान नहीं है। हमारे में से कई लोगों ने योग का एक घंटे का अभ्यास करने की जगह जिम में वजन उठाना पसंद किया।' उन्होंने कहा, 'लेकिन आखिरकार हमने महसूस किया कि योग के अभ्यास से ध्यान की शक्ति में जबर्दस्त मदद मिली है। व्यक्तिगत रूप से यह मुझे बेहतर ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है और विशेष रूप से विश्व कप के दौरान मेरी चोट के बाद योग ने मुझे उबरने की प्रक्रिया में मदद की। मैं योग सत्र के बाद बहुत अधिक सहज महसूस करता हूं और इससे हमें बेहतर ध्यान केंद्रित करने में भी मदद मिली है।'

सीनियर महिला टीम की उप कप्तान नवनीत कौर ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त किए और सभी से योग का अभ्यास करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, 'योग हमारी साप्ताहिक दिनचर्या का हिस्सा है और इसने हमें अपने तनाव के स्तर को प्रबंधित करने में बहुत मदद की है। यह हमारे शरीर को आराम देता है, विशेष रूप से कड़े सत्र के बाद, और कुछ आसन ने हमारे लचीलेपन में बहुत मदद की है।' महिला टीम वर्तमान में स्पेन दौरे से पहले राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए साई के बंगलुरु केंद्र में है। यूरोप में अपने प्रो लीग अभियान के बाद पुरुषों की टीम दो सप्ताह के ब्रेक पर है।

हार्दिक सिंह ने कहा, योग हमारी साप्ताहिक दिनचर्या का हिस्सा है और इसने हमें अपने तनाव के स्तर को प्रबंधित करने में और कुछ आसन ने हमारे लचीलेपन में बहुत मदद की है।'



हार्दिक सिंह

सीनियर महिला टीम की उप कप्तान नवनीत कौर ने कहा, 'योग हमारी साप्ताहिक दिनचर्या का हिस्सा है और इसने हमें अपने तनाव के स्तर को प्रबंधित करने में बहुत मदद की है। यह हमारे शरीर को आराम देता है, विशेष रूप से कड़े सत्र के बाद, और कुछ आसन ने हमारे लचीलेपन में बहुत मदद की है।'


**Escorts Kubota Limited**

**एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड**
**(पूर्व एस्कॉर्ट्स लिमिटेड)**
CIN: L74899HR1944PLC039088
पंजीकृत कार्यालयः 15/5, मथुरा रोड, फरीदाबाद – 121003, हरियाणा
फोनः 0129–2250222, ई–मेलः corp.secretarial@escortskubota.com, वेबसाइटः www.escortsgroup.com

**77 वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना एवं ई–वोटिंग सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के सदस्यों की **77 वीं वार्षिक आम बैठक ('एजीएम') शुक्रवार, 14 जुलाई, 2023 को दोपहर 12:00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी')/अन्य ऑडियो विजुअल के माध्यम से आयोजित की जाएगी। अर्थात ('ओएवीएम'),** कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') और उसके तहत बनाए गए नियमों और भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड ('सेबी') (सूचीकरण दायित्वों एवं प्रकटीकरण आवश्यकताओं), विनियम, 2015 के लागू प्रावधानों के अनुपालन में ('सेबी लिस्टिंग विनियम') सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020, 17/2020, 18/2020, 20/2020, 02/2021, 19/2021, 21/2021, 2/2022 और 10/2022 दिनांक अप्रैल के साथ पढ़ा जाए 8, 2020, 13 अप्रैल, 2020, 21 अप्रैल, 2020, 5 मई, 2020, 13 जनवरी, 2021, 8 दिसंबर, 2021, 14 दिसंबर, 2021, 5 मई, 2022 और 28 दिसंबर, 2022 क्रमशः और अन्य लागू परिपत्र कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ('एमसीए') और सेबी (सामूहिक रूप से 'प्रासंगिक परिपत्र' के रूप में संदर्भित) द्वारा एजीएम बुलाने वाले नोटिस में निर्धारित व्यवसायों को लेन–देन करने के लिए जारी किया गया।

सदस्य एनएसडीएल ई–वोटिंग सिस्टम के माध्यम से वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकेंगे। वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से भाग लेने वाले सदस्यों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत कोरम के उद्देश्य से गिना जाएगा।

प्रासंगिक परिपत्रों के अनुपालन में, एजीएम की सूचना ('नोटिस') और एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट, जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ, वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय विवरण और उस पर लेखा परीक्षकों और निदेशकों की रिपोर्ट शामिल हैं। कंपनी के उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मोड द्वारा 21 जून, 2023 को भेजा गया है, जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास पंजीकृत हैं। नोटिस और संकलित वार्षिक रिपोर्ट और अन्य आवश्यक विवरण कंपनी की वेबसाइट www.escortsgroup.com पर और स्टॉक एक्सचेंजों यानी बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट क्रमशः www.bseindia.com, www.nseindia.com और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (NSDL) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर पर भी उपलब्ध हैं।

**इंस्टा पोल के माध्यम से एजीएम के दौरान रिमोट ई–वोटिंग और ई–वोटिंग के लिए निर्देशः**

कंपनी अपने सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम ('ई–वोटिंग') द्वारा एजीएम में पारित किए जाने वाले प्रस्तावों पर वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है। सदस्य एनएसडीएल की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली का उपयोग करते हुए यहां नीचे दी गई तारीखों ('रिमोट ई–वोटिंग') पर अपना वोट दुरस्त भी डाल सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से वोटिंग की सुविधा एजीएम ('इंस्टा पोल') में भी उपलब्ध कराई जाएगी और एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, वे इंस्टा पोल के जरिए एजीएम में मतदान करने में सक्षम होंगे।

नोटिस में ई–वोटिंग से संबंधित यूजर आईडी और पासवर्ड सहित जानकारी और निर्देश दिए गए हैं। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने के लिए एक ही लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग किया जाना चाहिए।

डिमटेरियलाइज्ड मोड, फिजिकल मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों और अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं करने वाले सदस्यों द्वारा रिमोट ई–वोटिंग और इंस्टा पोल द्वारा वोटिंग के तरीके को नोटिस में प्रदान किया गया है जो कंपनी की वेबसाइट www.escortsgroup.com और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट यानी बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड क्रमशः www.bseindia.com और www.nseindia.com पर और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।

**रिमोट ई–वोटिंग का विवरण इस प्रकार हैः**

| | |
|---|---|
| **EVEN (ई–वोटिंग इवेंट नंबर)** | **124207** |
| **रिमोट ई–वोटिंग के लिए कट–ऑफ तारीख** | **7 जुलाई, 2023** |
| **रिमोट ई–वोटिंग अवधि** | रिमोट ई–वोटिंग की अवधि **मंगलवार, 11 जुलाई, 2023 को सुबह 9:00 बजे शुरू होगी और गुरुवार, 13 जुलाई, 2023 को शाम 5:00 बजे समाप्त होगा।** तत्पश्चात एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई–वोटिंग को वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा। |

वो व्यक्ति, जिसका नाम कट–ऑफ तारीख, यानी शुक्रवार, 7 जुलाई, 2023 को सदस्य के रजिस्टर (आरओएम) या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभार्थी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, वही व्यक्ति रिमोट ई–वोटिंग अथवा एजीएम में भाग लेने और इंस्टा पोल के माध्यम से वोटिंग करने के लिए इस सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा।

**जिन ईमेल पतों को कंपनी के साथ पंजीकृत/अपडेट नहीं किया गया है, उनके ईमेल पतों को पंजीकृत/अपडेट करने का तरीकाः**

सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के साथ इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखे गए शेयरों के संबंध में और भौतिक रूप में रखे गए शेयरों के संबंध में ISR-1 को कंपनी की वेबसाइट https://www.escortsgroup.com/investors/usefull-links/forms.html पर उपलब्ध है को विधिवत भर कर और हस्ताक्षरित फॉर्म को कंपनी रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट – KFin Technologies Limited, सेलेनियम बिल्डिंग, टॉवर–बी, प्लॉट संख्या, 31 और 32, वित्तीय जिला, नानकरामगुडा, सेरिलिंगमपल्ली, हैदराबाद, रंगारेड्डी, तेलंगाना, भारत – 500032 पर भेजकर अपडेट करें अथवा https://ris.kfintech.com/clientservices/isc/default.aspx# लिंक द्वारा ई–साइन कर के इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से भी भेजा जा सकता है।

कोई भी व्यक्ति जो नोटिस को भेजने के बाद कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट–ऑफ तिथि पर शेयर रखता है, तो नोटिस में दिए गए तरीके से यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है, जो कंपनी, स्टॉक एक्सचेंज और एनएसडीएल वेबसाइट पर उपलब्ध है। ऐसे सदस्य नोटिस में निर्दिष्ट तरीके से ई–वोटिंग निर्देशों का उपयोग करके अपना वोट डाल सकते हैं।

जिन सदस्यों ने रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे भी एजीएम में भाग ले सकते हैं, लेकिन वे एजीएम में पुनः वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान के संबंध में किसी भी प्रश्न औरध्या शिकायत के मामले में, सदस्य www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध सहायता और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और ई–वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल का संदर्भ ले सकते हैं। या 022–48867000 या 022–24997000 पर कॉल करें या सुश्री पल्लवी म्हात्रे, वरिष्ठ प्रबंधक को evoting@nsdl.co.in पर ई–मेल भेजें अथवा ट्रेड वर्ल्ड, ए विंग, चौथी मंजिल, कमला मिल्स कंपाउंड, लोअर परेल मुंबई – 400013 पर संपर्क करें।

बोर्ड के आदेशानुसार
**एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड के लिए**
**एसडी/–**
**सत्येंद्र चौहान**
**कंपनी सचिव**

स्थानः फरीदाबाद
दिनांकः जून 21, 2023


रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 40, अंक 216
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्ष : विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार।
कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।